राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–223/2024

लेडी गवर्नर ने गणमान्य महिलाओं के साथ संवाद किया

पटना, 25 अक्टूबर 2024 :– लेडी गवर्नर श्रीमती अनघा आर्लेकर ने बिहार में पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा एवं भारतीय वन सेवा के पदाधिकारियों की धर्मपत्नियों, इन सेवाओं की महिला पदाधिकारियों, महिला इमदाद कमिटि व लेडी स्टीफेंसन हॉल की सदस्यों, पटना की प्रमुख गणमान्य महिला चिकित्सकों एवं सामाजिक कार्यों से जुड़ी गणमान्य महिलाओं से राजभवन के दरबार हॉल में संवाद किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर ने उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह एक अनौपचारिक मुलाकात और आपसी परिचय का कार्यक्रम है। वे भविष्य में उनके साथ मिलकर समाजोपयोगी कार्य करेंगी।

....